शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी (छत्तीसगढ़)

# ACTIVITY ALBUM
# (2019-20)

## स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर गोदग्राम छिपली में स्वच्छता रैली

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 1 से 15 अगस्त स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर गोदग्राम छिपली में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया । स्वच्छता नारा के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया । कार्यक्रम के प्रभारी डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव रहें । प्रो.आर.आर.मेहरा एवं प्रो.एस.आर.दर्रो, श्री अविरल तिवारी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया ।



## :: सद्‌भावना दिवस के अवसर पर आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 20.8.2019 को डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव प्रभारी प्राचार्य के निर्देशन में सद्‌भावना दिवस के अवसर पर पर्यावरण पर आधारित विषयों पर भाषण, वाद–विवाद एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया । भाषण में कमलनारायण बीए भाग–2 प्रथम स्थान, गायन में अखिलेश कुमार ध्रुव बीए भाग–1 प्रथम एव वाद–विवाद में पक्ष में कमलनारायण बीए भाग–2 तथा विपक्ष में राकेश तिवारी बीएस–सी भाग–1 प्रथम स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम के प्रभारी प्रो.राजाराम मेहरा रहें । प्रो.एस.आर.दर्रो, श्री अविरल तिवारी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया ।



## :: रेडियो वार्ता लोकवाणी का प्रसारण ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 08.09.2019 को प्रातः 10.30 बजे शिक्षा एवं युवा विषय पर माननीय मुख्यमंत्री जी की रेडियो वार्ता लोकवाणी का प्रसारण छात्र–छात्राओं के सम्मुख किया गया । प्रो.राजाराम मेहरा के निर्देशन में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने लोकवाणी का श्रवण किया । माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियमित भर्ती एवं युवाओं में उद्यमिता का विकास और प्रोत्साहन को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया । इसके अलावा उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के 14 से 60 वर्ष तक आयु के लोगो का डिजिटल साक्षर बनाया जायेगा । राज्य में शिक्षा के अधिकार कानून को विस्तारित किया गया है जिसके तहत 12 वीं तक निशुल्क शिक्षा का अधिकार है । इस अवसर पर श्री अविरल तिवारी, श्री टिकेश साहू, श्री अशोक कुमार ध्रुव, ने सहभागिता प्रदान की ।





# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 24.09.2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर श्रीमती हेमलता प्रजापति, अध्यक्ष, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रासेयो स्वयं सेवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति दी गई । सांसद प्रतिनिधि ह्रदय लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि श्री भूषण साहू, अन्य जनभागीदारी सदस्य श्री अब्दुल जब्बार, श्रीमती तामेश्वरी मरकाम, श्री शिखरचंद जैन, श्री डी. सी. खेलन, श्री आदित्य तिवारी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री आर. आर. मेहरा, राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रो. राजकुमार राठौर, प्रो. एस.आर.दर्रो अतिथि व्याख्यातगण एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. मनोज कुमार शर्मा एवं स्वयं सेवक दीपक निषाद के द्वारा किया गया।







:: वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 28/09/2019 को "हरियर छत्तीसगढ़" अभियान के अन्तर्गत् पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण निर्माण हेतु माननीय डॉ. (श्रीमती) लक्ष्मी ध्रुव विधायक विधानसभा क्षेत्र–सिहावा, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष माननीय श्रीमती हेमलता कैलाश प्रजापति, जनभागीदारी सदस्य श्री डी.सी.खेलन, श्री अब्दुल जब्बार खान, श्री जियाउद्धीन रिजवी, श्री हृदयलाल साहू, श्री भूषण साहू, श्री राजेन्द्र ठाकुर, श्री निकेश ठाकुर, श्रीमती तामेश्वरी मरकाम, श्री आदित्य तिवारी, श्री तेजेन्द्र भट्ट तथा प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी की गरिमामय उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में विधायक महोदया एवं जनभागीदारी अध्यक्ष महोदया तथा समस्त जनभागीदारी सदस्यों, अधिकारी/कर्मचारियों ने अपने करकमलों से छायादार वृक्षों का रोपण किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण प्रो.राजकुमार राठौर, प्रो.मनोज कुमार शर्मा छात्रसंघ प्रभारी प्रो.राजाराम मेहरा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संतूराम दर्रो एवं अतिथि व्याख्यातागण, कर्मचारीगण श्री अविरल तिवारी, श्री सागर मण्डावी, श्री अशोक कुमार ध्रुव सहित छात्रसंघ के पदाधिकारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे ।





## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 26.09.2019 से लेकर दिनांक 02.10.2019 तक विभिन्न कार्यक्रमों, विचार गोष्ठी एवं प्रतियोगिताओं जैसे निबंध, रंगोली, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक, हस्तशिल्प, प्रश्नमंच एवं देशभक्ति गीत स्पर्धाओं का सफल आयोजन किया गया जिसमें कि बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र–छात्राऐं एवं अधिकारी/कर्मचारीगणों ने अपनी प्रत्यक्ष सहभागिता प्रदान की । देशभक्ति गीत स्पर्धा में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व प्राध्यापकों ने महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी । इसी तारतम्य में महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी द्वारा पॉलीथिन मुक्त भारत की संकल्पना एवं स्वच्छता शपथ उपस्थित छात्र–छात्राओं एवं अधिकारी/कर्मचारीगण को दिलाई गई । दिनांक 02 अक्टुबर 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागृह में किया गया जिसमे कि उपस्थित छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व अपने अपने विचार व्यक्त किये तथा गांधी जी एवं शास्त्री जी के बताये गये आदर्शो एवं संदेशो को अपने जीवन में आत्मसात किये जाने का संकल्प लिया । कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्रांगण से लेकर गोदग्राम छिपली तक "जल संरक्षण एवं सामुदायिक स्वच्छता" के प्रति संदेश एवं नारो के माध्यम से आम जन में प्रेरणा जागरुक करने के उद्‌देश्य से मानव रैली का सफल आयोजन किया गया । इसके साथ ही "स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत" की कल्पना को साकार करने के उद्‌देश्य एवं संदेश के साथ महाविद्यालय प्रांगण की साफ–सफाई का कार्य महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, अधिकारी एवं कर्मचारीगणों की सहायता से किया गया । उपरोक्त कार्यक्रमो के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्रभारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्राध्यापकगण प्रो. राजकुमार राठौर, प्रो.जयेश करंजगांवकर, प्रो.संतूराम दर्रो, कर्मचारीगण सुश्री सीता नेताम, सुश्री हर्षा तिवारी, श्री अशोक कुमार ध्रुव, श्री सागर मण्डावी, श्री कृष्णकुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रायें ने अपनी सक्रिय उपस्थिति प्रदान की । उपरोक्त कार्यक्रमों का सफल संचालन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा ने किया ।





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला–धमतरी

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन













## :: पंचमी के अवसर पर मंदिर में सेवा ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 03.10.2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नवरात्र में पंचमी के अवसर पर मां शीतला मंदिर सिहावा में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की । रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालाओं के लिये भोजन बनाने एवं परोसने का कार्य किया गया । साथ ही मंदिर में व्यवस्था बनाने, वाहन पार्किंग आदि में सहयोग किया गया । छात्र–छात्राओं द्वारा सेवा गीत की प्रस्तुति की गई । छात्र–छात्रों की सहभागिता से प्रसन्न होकर मंदिर समिति द्वारा श्रीफल एवं माता की छायाचित्र भेंट की गई । इस अवसर पर प्रभारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.आर. मेहरा, राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रो. राजकुमार राठौर, प्रो. एस.आर.दर्रो, डॉ.अंबा शुक्ला, श्री श्यामसुंदर शर्मा अतिथि व्याख्यातगण एवं छात्र–छात्रायें उपस्थित थे।





:: पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीद आरक्षक श्री अमजद खान को श्रद्धांजलि ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 21.10.2019 (पुलिस स्मृति दिवस) के अवसर पर इस महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं जिला पुलिस बल सुकमा में पदस्थ रहे शहीद आरक्षक श्री अमजद खान जो कि दिनांक 21.4.2012 को ग्राम सुकमा(मांझीपारा) में ग्राम सुराज कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर के साथ गनमैन की ड्युटी पर कार्यरत थे, नक्सलियों द्वारा किये गये हमले में नक्सलियों का वीरतापूर्वक मुकाबला करते हुए देश की रक्षा में शहीद हो गये । अतः उनके सम्मान में महाविद्यालय प्रांगण में वीर जवान की शहादत को नमन करते हुए महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं एवं अधिकारीगण प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो. आर.के.राठौर, प्रो.जयेश करंजगावंकर, प्रो.एस.आर.दर्रो एवं कर्मचारीगण तथा अतिथि व्याख्यातागण द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पुलिस परिवार एवं शहीद परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई ।





## :: शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144 वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 31.10.2019 को विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं जैसे कविता/गीत, रंगोली, भाषण, पेंटिंग स्पर्धाओं का सफल आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलाया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कु. वंशिका, (बी.एससी. तृतीय वर्ष गणित) ने प्रथम, कु. नोमिका नाग (बी.एससी. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय, कु. नीशी राजन (पी.जी.डी.सी.ए.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, भाषण प्रतियोगिता में कमल नारायण साहू, (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, लक्ष्मी साहू ने द्वितीय स्थान, दिपेश निषाद, (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, पेंटिंग प्रतियोगिता में कु. वंशिका, (बी.एससी. तृतीय वर्ष गणित) ने प्रथम, कु. नेहा राजन, (बी. एससी. तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान, खिलेश्वर (बी.एससी. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कविता/गीत प्रतियोगिता में विरेन्द्र साहू, (बी.ए. अंतिम वर्ष) ने प्रथम स्थान, खिलेश्वरी चतुर्वेदी, (बी.एससी. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान, सागर तिवारी (बी.कॉम. तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त कार्यक्रमो के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रायें ने अपनी सक्रिय उपस्थिति प्रदान की ।









## :: गांधी एवं आधुनिक भारत विषय पर विचार गोष्ठी एवं छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन ::





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में महाविद्यालयीन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं में शैक्षणिक एवं बौद्धिक ज्ञान संवर्धन गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में महात्मा गांधीजी की 150 वीं जन्म शताब्दी वर्ष के सुअवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के संयुक्त तत्वाधान में "महात्मा गांधी एवं आधुनिक भारत" विषय पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यकम सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक प्रो.मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में संपन्न किया गया । उक्त संवाद कार्यकम के स्त्रोतवक्ता के रुप में ख्यातिप्राप्त उपदेशक श्री विकम सिंघल एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कम्युनिकेशन हेड श्री पुरुषोत्तम ठाकुर उपस्थित थे । कार्यकम में स्त्रोतवक्ता के रुप में उपस्थित प्रेरक एवं मार्गदर्शक श्री विकम सिंघल ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को गांधीजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वास्तव में आधुनिक भारत के निर्माण के गांधीजी स्वप्नदृष्टा थे और उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण की रुपरेखा अपने आंदोलनों के माध्यम से जनमानस के सामने रखी थी । उन्होंने अपने कार्यो एवं आंदोलनों के माध्यम से भारत के लोगो में आधुनिक भारत के निर्माण की नींव और उसे प्राप्त करने का लक्ष्य सामने रखा था । उन्होंने गांधीजी द्वारा चलाये गये असहयोग आंदोलन एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रारंभ करने के कारणों पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा बताये गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करते हुए युवाओं को आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में परिचय कराया । अपने उद्बोधन में स्त्रोतवक्ता ने कहा कि गांधीजी हमेशा सत्य के पक्षधर थे और वे कहा करते थे कि सत्य की हमेशा विजय होती है क्योंकि सत्य का आधार मजबूत होता है जबकि असत्य बैसाखियों पर चलता है । इसके साथ ही उन्होंने प्रेरक प्रसंगो के माध्यम से चरखे एवं उसकी सहायता से तैयार खादी के उपयोग एवं चलन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला । अगले स्त्रोतवक्ता के रुप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कम्युनिकेशन हेड श्री पुरुषोत्तम ठाकुर ने गांधीजी के दर्शन एवं जीवन परिचय पर प्रकाश

डालते हुए उपस्थित श्रोताओं को जानकारी प्रदान की । उद्बोधन के अंत में उपस्थित छात्र–छात्राओं के द्वारा गांधीजी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का स्त्रोतवक्ताओं द्वारा समाधान प्रदान किया गया । इसके साथ ही महाविद्यालय में गांधीजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित जीवंत छायाचित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया जिसमें कि महात्मा गांधीजी के संपूर्ण जीवन वृत्तांत एवं उनके उल्लेखनीय योगदान एवं आंदोलनों को दर्शाते हुए 100 छायाचित्रों का प्रदर्शन भी किया गया जिसका अवलोकन उपस्थित छात्र–छात्राओं एवं अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने काफी बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता प्रदान की । कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रो.मनोज कुमार शर्मा के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रो.राजाराम मेहरा द्वारा किया गया । छायाचित्र प्रदर्शनी के सफल आयोजन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के श्री भगवती वर्मा जी, श्री मयंक एवं सुश्री रजनी मैडम का उल्लेखनीय योगदान रहा ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन







शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन दिनांक 02.12.2019 को हुआ जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि, श्रीमती हेमलता प्रजापति, अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, कार्यक्रम अध्यक्ष–डॉ. अमिताभ बैनर्जी, विशिष्ट अतिथि–श्रीमती तामेश्वरी मरकाम, श्रीमति द्रौपती ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत फरसियाँ, अध्यक्ष श्री शिवदयाल साहू, प्रो.राजाराम मेहरा (कार्यक्रम अधिकारी), पन्नालाल सिंह उपसरपंच ग्राम फरसियाँ, कृष्णकुमार साहू, माधुरी लाल कश्यप, चंद्रिका प्रसाद साहू, कोमल कश्यप, लिलाम्बर साहू, कमला प्रजापति, रुद्रनारायण सिंह, बीएस ध्रुव, एवं सी आर धनाब समेत समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे । शिविर के संचालन के लिए स्वयं सेवकों को 6 समूह में बांटो गया था जिसमें शिविर नायक दिगेन्द्रकिरण, उप दलनायक इन्द्रजीत देवांगन, छात्रा शिविर नायिका कु. तेजस्वी सोम, छात्रा उप दल नायिका कु. लता मरकाम को दायित्व दिया गया था। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का दिनचर्या प्रातः 4:30 बजे से रात 10 बजे तक संचालित होता था। परियोजना कार्य के अन्तर्गकत स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम पंचायत फरसियां के शिविर स्थल की साफ–सफाई, बाजार एवं खेल मैदान की साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। क्रिकेट मैदान के पास 20 फीट लम्बाई 3 फीट ऊँचाई का ईंट जोड़ाई कर मंच तैयार किया गया, फरसियां के रावनभांटा मैदान पुरेना तालाब में बरसात से आये उग आई अवांछित कटिली झाड़ी को काटकर साफ–सफाई का कार्य किया गया। चन्दनबाहरा से लगे हुए सोंढूर नदी में 300 बोरी रेत भरकर जल संवर्धन योजना के अन्तर्गत चेक डेम का निर्माण किया गया जिसका नामकरण स्वर्गीय श्री बुध्दूराम मण्डावी के नाम पर कर उन्हे सच्ची श्रध्दांजली अर्पित की गई । बौद्धिक परिचर्चा के अन्तर्गत नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी विषय पर श्रीमती हेमलता कैलाश प्रजापति जी ने स्वयं सेवकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की । नगरी व्यवहार न्यायालय की मजिस्ट्रेट सुश्री आस्था यादव के द्वारा विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी प्रदान की गई जिसमें मुख्य रूप से पास्को एक्ट को विशेष रूप से समझाया तथा स्वयं सेवकों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब दिया । श्री अमरसिंह साहू जिला संयोजक रासेयो ने शिविर का निरीक्षण किया । हिमांशू हरिहारणों, कृषि विभाग ने शिविरार्थियों एवं ग्रामवासियों को कृषि से संबंधित एवं नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना की जानकारी अवगत कराया गया। नगरी थाना प्रभारी एन.

एस.ठाकुर ने शिविर स्थल का निरिक्षण कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया । पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रहलाद कुमार लाऊत्रे, श्री अमित कुमार नागेश द्वारा फरसियां के गौठान में उपस्थित होकर पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया। पशु संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई ।

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया गया

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 10.12.2019 को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी द्वारा छात्र–छात्राओं तथा अधिकारी/कर्मचारियों को मानव अधिकार प्रतिज्ञा शपथ दिलाई गई । राजनीति विज्ञान परिषद के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार विषय पर प्रो.राजाराम मेहरा के निर्देशन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं इंद्राणी, अंजु, दीपेश निषाद, भाग्यश्री एमए, नेहा साहू, कमलनाथ, भूपेश्वरी साहू, नंदनी साहू, लिलेश्वरी, ललिता, मोहित कुमार, कमल साहू ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये । माईक संचालन डिगेन्द्र किरण ने किया । इस अवसर पर प्रो.राजकुमार राठौर, अतिथि प्राध्यापकगण डॉ ममता सौरज, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती अंजनी पैकरा, श्री श्यामसुंदर शर्मा, श्री मिर्जा मुस्ताक बेग, सुश्री काजल साहू एवं श्री हीराधर साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें ।



# युवोदय के सबंध में परिचर्चा तथा तंबाकू नियंत्रण जागरुकता कार्यक्रम

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 14.2.2020 को युवोदय साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत युवोदय के सबंध में परिचर्चा तथा तंबाकू नियंत्रण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी के डॉ.जे.के.नाग, डॉ.राहूल सोनकर, लोकेश कुमार साहू काउंसलर एवं सुश्री दामिनी साहू स्टाफ नर्स ने तंबाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले रोगों, बचने के उपाय व कोटपा अधिनियम की जानकारी प्रदान कर छात्र–छात्राओं को जागरुक किया । इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर, प्रो.राजाराम मेहरा, रासेयो प्रभारी, प्रो.मनोज कुमार शर्मा प्रो.जयेश करंजगांवकर अतिथि प्राध्यापकगण डॉ ममता सौरज, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती अंजनी पैकरा, श्री श्यामसुंदर शर्मा, श्री मिर्जा मुस्ताक बेग एवं श्री हीराधर साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रा उपस्थित थे ।





## युवोदय के अंतर्गत महात्मा गांधी की जीवन दर्षन पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 18.2.2020 को युवोदय साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी जी के जीवन दर्शन को प्रदर्शित करते हुए पेंटिंग प्रतियोगिता खादी कपड़े पर, गांधीजी के नैसर्गिक विचारधारा/गांधी दर्शन विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता–कुपोषण से सुपोषण, सोशल मीडिया की उपयोगिता को प्रदशित करते हुए, पोस्टकार्ड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारधारा को छात्र–छात्राओं के माध्यम से पोस्टकार्ड में लिपिबद्ध करते हुए चित्र बनाकर छ.ग. के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाज सेवकों के नाम से पोस्टकार्ड बनाया गया तथा गांधी जी के अनमोल विचार पोस्टर में ड्राइंग शीट में लिपिबद्ध कराकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकुमार राठौर, प्रो.राजाराम मेहरा, रासेयो/रेडक्रास प्रभारी, प्रो.मनोज कुमार शर्मा प्रो.जयेश करंजगांवकर अतिथि प्राध्यापकगण डॉ ममता सौरज, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती अंजनी पैकरा, श्री श्यामसुंदर शर्मा, श्री मिर्जा मुस्ताक बेग एवं श्री हीराधर साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रा उपस्थित थे ।









युवोदय–2020

परिचर्चा / नशा निषेध जागरुकता








# युवोदय–2020
# कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला







